भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †65
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## गुरु नानक सर्किट का निर्माण

**†65. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि गुरु नानक देव जी ने एक ओंकार (एक ईश्वर), विश्व बंधुत्व और गुरमत (गुरु के मतों) का संदेश फैलाने के लिए चार उदासी पर व्यापक यात्राएं कीं, तथा इन यात्राओं के दौरान देश और देश के बाहर के विशाल भू-भाग को कवर किया और एक समृद्ध आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक विरासत छोड़ी;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का किसी योजना के अंतर्गत इन ऐतिहासिक यात्राओं के स्मरण और धार्मिक तथा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुरु नानक देव जी सर्किट बनाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही अब तक उठाए गए/उठाए जा रहे कदम क्या हैं तथा कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से, पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है।

गुरु नानक देव जी परिपथ के निर्माण से संबंधित कोई भी प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। तथापि पर्यटन मंत्रालय ने सिख धार्मिक महत्व के स्थानों पर विभिन्न अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है जिनका विवरण अनुबंध में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर द्वारा गुरु नानक सर्किट का निर्माण के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †65 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत सिख धार्मिक महत्व वाली परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1. | पटना साहिब का विकास | 29.62 |
| 2. | पंचकूला जिले में माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास | 48.53 |
| 3. | रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 30.52 |
| 4. | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास | 6.40 |

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत सिख धार्मिक महत्व वाली परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब-फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर-खटकर कलां-कलानौर-पटियाला का विकास | 85.32 |

**'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना' के तहत सिख धार्मिक महत्व वाली परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1. | हुसैनीवाला बॉर्डर, फिरोजपुर में सांस्कृतिक और विरासत विस्तार | 25.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | हेरिटेज स्ट्रीट - श्री आनंदपुर साहिब, रूपनगर में शांति और सद्भाव का प्रतीक | 24.90 |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत सिख धार्मिक महत्व वाली परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1. | एसबीएस नगर के खटकर कलां में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 |

**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत सिख धार्मिक महत्व वाली परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1. | अमृतसर, पंजाब में 'जलियांवाला बाग स्मारक' का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण और जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक पर अतिरिक्त कार्य | 23.02 |
| 2. | अमृतसर रेलवे स्टेशन | 5.84 |

*****